डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम द्वारा संचालित एलाइड एण्ड हेल्थकेयर साइंसेज पाठ्यक्रम

ईमेलः– deanratlam@gmail.com वेबसाइडः– www.gmcratlam.org

कार्यालय दूरभाष नंबरः– 07412–284226 पिनकोडः– 457001

DONATE ORGAN – SAVE LIFE

अंगदान करें–जीवन बचाएँ

क्रमांकः 1292/जी.एम.सी./2026 दिनांकः– 12/11/2026

विभिन्न एलाइड एण्ड हेल्थकेयर पाठ्यक्रमों में (अंतरिम) प्रवेश हेतु विज्ञापन वर्ष 2026–27

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम के अंतर्गत सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न स्ववित्तीय एलाइड एण्ड हेल्थकेयर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आंमत्रित किये जाते हैं। अभ्यर्थी द्वारा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान (वनस्पति विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान) विषयों के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की गई हो। अभ्यर्थी द्वारा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान विषयों में संयुक्त रूप से न्यूनतम रूप से 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। हालांकि, अनुसूचित जाति (SC)] अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC–नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों के लिए अर्हकारी परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान विषयों में संयुक्त रूप से न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

दिव्यांग (PwBD/PwD) अभ्यर्थियों के लिए अर्हकारी परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान (अथवा वनस्पति विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान) विषयों में संयुक्त रूप से न्यूनतम 50 प्रतिशत के स्थान पर 40 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

प्रवेश उच्चतर माध्यमिक परीक्षा (10+2) की प्रावीण्य सूची (मेरिट) के आधार पर दिया जाएगा।

आवेदक की दिनांक 31/12/2026 की स्थिति में न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए। पाठ्यक्रमो की विस्तृत जानकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट https://ncahp.abdm.gov.in/Curriculum पर उपलब्ध होगी।

महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश उपलब्ध सीटों का विवरण निम्नानुसार है :–

क्रमांक	पाठ्यक्रम का नाम	डिग्री/डिप्लोमा	पाठ्यक्रम अवधि	उपलब्ध सीट
1	बैचलर ऑफ मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (B.MLS)	डिग्री	04 वर्ष	20
2	डिप्लोमा इन मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी (DMLT)	डिप्लोमा	02 वर्ष	20
			कुल सीटों की संख्या	40

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर आरक्षण का लाभ म.प्र. शासन के नियमानुसार (केवल म.प्र. के मूल निवासी को ही देय होगा)। उक्त पाठ्यक्रमों में अन्य राज्यों के छात्र भी आवेदन कर सकते है, परन्तु ऐसे आवेदकों को आरक्षण का लाभ नही दिया जाऐगा एवं ऐसे आवेदनों को अनारक्षित क्षैणी में ही विचार किया जावेगा। प्रत्येक वर्ग में क्षैतिज रूप से 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होगी। पाठ्यक्रमों हेतु उपलब्ध सीटों में आरक्षित श्रेणीयों के आवेदकों हेतु अनुसूचित जनजाति–20 प्रतिशत, अनुसूचित जाति–20 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग–14 प्रतिशत, EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)–10 प्रतिशत सीट आरक्षित है। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जो मध्यप्रदेश राज्य के स्थानीय निवासी है, उनके लिए पांच प्रतिशत (5%) सीट नियमानुसार आरक्षित है। यह आरक्षण क्षैतिज (हॉरिजोन्टल होगा।

नियमित सेवारत शासकीय कर्मचारियों को डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 10 प्रतिशत सीट आरक्षित रहेगी।

उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम की वेबसाइट www.gmcratlam.org पर दिनांक 12/11/2026 से उपलब्ध होगा। प्रवेश एवं काउंसलिंग से संबधित समस्त जानकारी का अवलोकन समय–समय पर कॉलेज की वेबसाइट www.gmcratlam.org पर उपलब्ध रहेगा। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र मय संलग्नकों तथा मूल दस्तावेजों के साथ लाना अनिवार्य है । आवेदन शुल्क राशि रूपये 500/– (सामान्य वर्ग) एवं रूपये 300/– (आरक्षित वर्ग) कांउसलिंग के दौरान जमा करनी होगी। साथ ही रूपये 500/– कांउसलिंग शुल्क भी जमा करना अनिवार्य होगा।

आवेदन पत्र मय संलग्नकों तथा मूल दस्तावेजों के साथ दिनांक 14/11/2026 प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करना आवश्यक है। उक्त समयावधि पश्चात आवेदनो पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

नोट :–

1. आवेदन पत्र एवं काउंसलिंग कार्यक्रम की जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट www.gmcratlam.org पर उपलब्ध रहेगी।
2. उपरोक्त पाठ्यक्रम में से किसी भी पाठ्यक्रम में सीटों की संख्या कम ज्यादा का अधिकार संस्था का रहेगा।
3. यदि अपरिहार्य कारणों से काउंसलिंग की तिथिया परिवर्तित/स्थगित होती हैं तो उसकी सूचना वेबसाइट/महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगी।

Anita Mukhar
12/11/2026

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
डॉ. एल.एन.पी. जी.एम.सी. रतलाम (म.प्र.)

Dean & CEO
Govt. Medical College
Ratlam (M.P.)

Scanned with OKEN Scanner